# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग

पत्रांक: 1135/AE/2026

दिनांक: 30.07.2026

### वॉक-इन-साक्षात्कार हेतु विज्ञापन

वाणिज्य संकाय के अंतर्गत संचालित एम. काम. (व्यावहारिक अर्थशास्त्र) स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में सत्र 2026-27 हेतु प्रति व्याख्यान की दर से अध्यापन कार्य कराए जाने के सापेक्ष विषय विशेषज्ञों (Subject Experts) के पैनल निर्धारण हेतु योग्य अभ्यर्थियों से वॉक-इन-साक्षात्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम / विषय | पद संख्या | साक्षात्कार तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **एम. काम. (व्यावहारिक अर्थशास्त्र) स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम** | 04 (चार) विषय विशेषज्ञ | 10.8.2026 **मध्याह्न 01:00 बजे** | अधिष्ठाता कक्ष, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय |

### न्यूनतम योग्यता:

अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता UGC एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत सुसंगत नियमों/मानकों के अनुरूप होनी अनिवार्य है।

1. **अतिरिक्त सेवाएं एवं मानदेय:** कार्य की अधिकता के साथ-साथ छात्र हित एवं विश्वविद्यालय हित में चयनित शिक्षकों से बीकॉम (एनईपी) नियमित पाठ्यक्रम में भी विषय विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं ली जाएगी। जिसका पारिश्रमिक प्रति व्याख्यान दर से देय होगा।
2. **पद की प्रकृति:** यह पद पूर्ण रूप से अस्थायी है। भविष्य में इन्हें नियमित करने का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
3. **सेवा समाप्ति:** बिना किसी पूर्व सूचना के उक्त सेवाएं सत्र के मध्य में भी समाप्त की जा सकती हैं।
4. **मूल अभिलेख:** साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल अभिलेख (Original Documents) एवं उनकी स्व-प्रमाणित छायाप्रति (Photocopy) तथा नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हों।
5. **यात्रा भत्ता:** साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए कोई TA/DA देय नहीं होगा।
6. **अन्य विवरण:** विस्तृत विवरण एवं अद्यतन संशोधन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट नियमित रूप से देखें।

**अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष**
**वाणिज्य संकाय / व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग**
**लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ**